उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार के लिये निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।

**प्रश्न**

10-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सोनभद्र में खनन विभाग से अक्टूबर, 2024 से अब तक माह वार कितना राजस्व प्राप्त हुआ है?

**उत्तर**

जिलाधिकारी, सोनभद्र ने अपने पत्र दिनांक 08.08.2025 में उल्लेख किया है कि माहवार प्राप्त राजस्व का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र०स० | माह का नाम | प्राप्त राजस्व (लाख रू० में) |
|---|---|---|
| 1. | अक्टूबर, 2024 | 7447.48 |
| 2. | नवम्बर, 2024 | 8146.52 |
| 3. | दिसम्बर, 2024 | 7900.43 |
| 4. | जनवरी, 2025 | 9249.82 |
| 5. | फरवरी, 2025 | 7886.61 |
| 6. | मार्च, 2025 | 15376.20 |
| 7. | अप्रैल, 2025 | 2285.88 |
| 8. | मई, 2025 | 6099.31 |
| 9. | जून, 2025 | 5703.01 |
| | **योग:-** | **70095.26** |

(ख) क्या दिनांक-06 फरवरी,2025 को मुख्य सचिव द्वारा अवैध खनन रोके जाने हेतु लगाये गये बैरियर को हटवा दिया गया है?

जी नहीं, वहॉ पर कोई बैरियर नहीं लगाया गया था। सचल दल द्वारा वाहनों की औचक जॉच की जाती है।

(ग) यदि हाँ, तो राजस्व क्षति के दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करायेंगे?

लागू नहीं।

(घ) यदि नहीं, तो क्यों?

अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने के दृष्टिगत शासनादेश संख्या-12/2023/1/

435766/2023/86-01099/136/2019 दिनांक 29.11.2023 के अनुक्रम में जिलाधिकारी, सोनभद्र के पत्र संख्या-2396/खनिज/2023 दिनांक 06.12.2023 द्वारा कार्यबल का गठन करते हुए कार्यबल के सदस्यों को प्रत्येक माह 02 औचक निरीक्षण के साथ-साथ नियमित रुप से प्रवर्तन कार्य किये जाने के साथ ही प्रत्येक सप्ताह अवैध खनन/परिवहन का सघन चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये गये है।

जनपद में गठित कार्यबल द्वारा भ्रमणशील रहकर अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही की जाती है। उक्त के अतिरिक्त निदेशालय द्वारा उपखनिज भरे वाहनों की जॉच हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह-मार्च, 2025 तक जांचोपरान्त कुल 10,680 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए रू० 34,75,37,940.00 की शास्ति की धनराशि जमा करायी गयी है। साथ ही 117 वाहन चालकों/स्वामियों पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह-जून, 2025 तक जांचोपरान्त कुल 3292 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए रू० 11,13,10,630.00 की शास्ति की धनराशि जमा करायी गयी है तथा 51 वाहन चालकों/स्वामियों पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।